**चंडीगढ़ में अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस 2026 का आयोजन; युवा चेंजमेकर्स को किया गया सम्मानित**

**चंडीगढ़, 13 अगस्त 2026:** ग्लोबल यूथ फेडरेशन द्वारा अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस 2026 का आयोजन गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म कॉलेज, सेक्टर-32 सी, चंडीगढ़ में किया गया। कार्यक्रम का आयोजन स्टेट NSS सेल, यू.टी. चंडीगढ़; माय भारत चंडीगढ़, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार; रोटरी क्लब चंडीगढ़; APSWDP तथा मेजबान कॉलेज के सहयोग से किया गया।

कार्यक्रम में युवा नेतृत्व, स्वयंसेवा, मानवीय सेवा एवं सामुदायिक विकास के क्षेत्र में युवाओं की भूमिका को रेखांकित किया गया। इसमें युवा नेता, स्वयंसेवक, सामाजिक कार्यकर्ता, शिक्षाविद् एवं विद्यार्थी शामिल हुए।

चंडीगढ़ के माननीय महापौर श्री सौरभ जोशी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में डॉ. अजय शर्मा, प्राचार्य, GGDSD कॉलेज; डॉ. नेमी चंद, राज्य संपर्क अधिकारी, NSS; सुश्री अनास्तासिया इल्यूशिना, रशियन हाउस, नई दिल्ली; डॉ. विवेक त्रिवेदी, नगर निगम चंडीगढ़; श्री विनय कुमार, जिला युवा अधिकारी, माय भारत चंडीगढ़ सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

अपने संबोधन में श्री सौरभ जोशी ने राष्ट्र निर्माण में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालते हुए युवाओं से स्वयंसेवा एवं सामुदायिक सेवा में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया।

कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण पुरस्कार एवं सम्मान समारोह रहा, जिसमें मानवीय सेवा एवं सामुदायिक विकास में उल्लेखनीय योगदान देने वाले व्यक्तियों, NGOs, शिक्षकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, स्वयंसेवकों एवं युवा चेंजमेकर्स को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, प्रेरणादायक सत्र एवं अंतर्राष्ट्रीय युवा संदेश भी प्रस्तुत किए गए।

इस अवसर पर TB मुक्त भारत शपथ एवं स्वच्छता शपथ दिलाई गई। श्री विनय कुमार, जिला युवा अधिकारी, माय भारत चंडीगढ़ ने सभी उपस्थित प्रतिभागियों को स्वच्छता शपथ दिलाई, जिसमें सभी ने स्वच्छता एवं स्वस्थ राष्ट्र के निर्माण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

ग्लोबल यूथ फेडरेशन, इंडिया के निदेशक श्री रोहित कुमार ने कहा कि युवाओं को अवसर, सम्मान एवं नेतृत्व के मंच प्रदान करना एक समावेशी एवं सतत समाज के निर्माण के लिए आवश्यक है।

कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन, राष्ट्रगान एवं हाई-टी के साथ हुआ। आयोजकों ने सभी गणमान्य अतिथियों, सहयोगी संस्थाओं, स्वयंसेवकों एवं प्रतिभागियों का कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आभार व्यक्त किया।